**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–26.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

## मुख्य समाचार

- **राज्य सरकार ने मंइयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन में किया आंशिक संशोधन, अप्रैल में आधार लिंक्ड बैंक खातों में ही जायेगी राशि।**
- **झारखण्ड कारखाना संशोधन विधेयक और झारखंड माल और सेवाकर संशोधन विधेयक विधानसभा से पारित, आज भी कई विधेयक होंगे पास।**
- **जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में सीआईडी ने बड़े गिरोह का किया खुलासा, आईआरबी के पांच जवानों समेत आठ गिरफ्तार।**
- **नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, झारखंड के आठ उग्रवादी बिहार से गिरफ्तार।**
- **रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण में मेजबान झारखंड को हरियाणा ने पेनाल्टी शूटआउट में तीन–एक से हराया, ओडिशा, बंगाल और महाराष्ट्र ने अपने मैच जीते।**

*****************

## अब समाचार विस्तार से

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन में आंशिक संशोधन का फैसला किया है। लाभुकों को 31 मार्च तक आधार कार्ड का बैंक खाते से लिंक कराना जरूरी होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि जिन लाभुकों का आधार बैंक खाते से लिंक नहीं हैं, उन्हें इस योजना का लाभ मार्च 2025 तक मिलता रहेगा।

मंत्रिपरिषद ने झारखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विशेष छूट विधेयक– 2025 के गठन को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके अलावा झारखण्ड सचिवालय सेवा अंतर्गत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी की कोटि से प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति से सम्बन्धित झारखण्ड सचिवालय सेवा नियमावली, 2010 में प्रावधानित सीमित प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित प्रावधान को एक वारीय सुविधा के रुप में शिथिल करने की स्वीकृति दी गई है। मंत्रिपरिषद ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी और आर्थिक सर्वेक्षण को भी घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की है।

*****************

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान झारखण्ड कारखाना संशोधन विधेयक और झारखंड माल और सेवाकर संशोधन विधेयक –2025 पारित हो गया है। कारखाना संशोधन विधेयक में किसी कारखाना या प्रतिष्ठान में नियोजित महिला श्रमिकों को उनकी सहमति से रात 7 बजे से सुबह 6 बजे तक की अवधि में भी डयूटी देने का प्रावधान किया गया है। जबकि माल और सेवाकर संशोधन विधेयक को जीएसटी कौंसिल के सिफारिश पर संशोधित किया गया है। सदन में आज भी कई राजकीय विधेयकों पर चर्चा होगी और उन्हें पारित किया जायेगा।

*****************

राज्य सरकार ने ईद, रामनवमी और सरहुल समेत अन्य त्योहारों को लेकर विशेष दिशा निर्देश जारी किये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोरेन कहा कि पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में काम कर रहा है। श्री सोरेन ने कहा कि शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिये गये हैं।

*****************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग –जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले में बड़े गिरोह का खुलासा किया है। इस सिलसिले में सीआईडी ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें भारतीय रिजर्व बटालियन –आईआरबी के पांच जवान भी शामिल हैं। इनपर अभ्यर्थियों को पेपर के नाम पर दिग्भ्रमित कर राशि वसूलने का आरोप है। सीआईडी के मुताबिक गिरोह का सरगना उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का रहने वाला है, जिसकी तलाश की जा रही है।

******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीजीएल और जेएसएससी परीक्षा में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई को अविलंब सौंपने की मांग की है। श्री मरांडी ने कहा कि गोड्डा और गिरिडीह जिले से इस मामले में जवानों की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट हो चुका है कि परीक्षा में गड़बड़ी हुई है और इस फर्जीवाड़े में सरकार से जुड़े प्रभावशाली लोगों का हाथ हो सकता है। श्री मरांडी ने कहा कि सरकार को तुरंत सीजीएल परीक्षा रद्द कर सीबीआई से इसकी जांच करानी चाहिए।

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने झारखंड के आठ उग्रवादियों को बिहार के औरंगाबाद से गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किये गये हैं। इन पर औरंगाबाद के नवीनगर में उत्तरी कोयल नहर निर्माण में लगी निजी कंपनी से लेवी मांगने का आरोप है। ये सभी प्रतिबंधित उग्रवादी सहित झारखंड जनमुक्ति परिषद से जुड़े हैं।

******************

साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र से चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रशेखर ने बताया कि इन अभियुक्तों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

******************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में फिलहाल मौसम साफ रहेगा। धीरे–धीरे तापमान में वृद्धि होगी। हफ्तेभर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सिसय तक जा सकता है। इस दौरान रांची का पारा 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। पिछले 24 घंटे में राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा जबकि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

******************

रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण का छठा दिन मेजबान झारखंड के लिए निराशाजनक रहा। झारखंड को हरियाणा ने पेनाल्टी शूटआउट में तीन–एक से पराजित कर दिया। इससे पहले खेले गये मैचों में ओडिशा, महाराष्ट्र और बंगाल ने जीत दर्ज की।

******************

रांची जिला वॉलीबॉल का पहला सेमीफाइनल मैच मारवाड़ी युवक व्यायामशाला और आक्सीजन पार्क ए के बीच जारी है। इसके बाद दूसरा सेमीफाइन मुकाबला आक्सीजन पार्क बी और आरयूएसआरसीए के बीच होगा। सेमीफाइनल में जीतने वाली टीमों के बीच दोपहर तीन बजे से खिताबी भिड़ंत होगी।

******************

**अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये फैसलों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– 12 लाख महिलाओं को मंइयां योजना के तीन माह के पैसे एकमुश्त मिलेंगे।

**प्रभात खबर** ने आइपीएस एमएस भाटिया के होमगार्ड डीजी और अनिल पाल्टा को रेल डीजी बनाये जाने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– हजारीबाग में मंगला जुलूस के दौरान विवाद, पथराव।

**दैनिक जागरण** ने स्पीकर के हवाले से लिखा है– निजी स्कूलों की मनमानी रोकने को बने कानून।

***********समाप्त***********